Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री लक्ष्मीनारायणहृदयस्तोत्रम्



CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीसूक्त

दरिद्रता और दीनताहीन जीवन से छूटने के लिए ऋषियों ने अनेक प्राकर के अनुष्ठान, जप-तप और दान आदि कर्मों का विधान कहा है।

ऋग्वेद के परिशिष्ठ- श्रीसूक्त में धन प्राप्ति के लिए मंत्र हैं। वाराणसी के विद्वान् उमेश मिश्र (सुपुत्र श्री वेणीराम गौड़) ने इन मंत्रों का सरल हिन्दी में अनुवाद किया है। सम्पुटित श्रीसूक्त, ऋणहर्ता गणेशस्तोत्र, बिक्री वृद्धि के लिए मंत्र, कुबेर पूजन व श्रीयंत्र व उसकी पूजनविधि आदि भी पुस्तक में सम्मिलित कर दिये हैं, जिनके नियमपूर्वक पूजा-पाठ करने से निश्चय ही लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

डाक व्यय अलग

प्रत्येक पुस्तक के साथ पूजा के लिए रंगीन श्रीयंत्र मुफ्त संलग्न है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

लक्ष्मीनारायणहृदयस्तोत्रम्

(लक्ष्मीनारायणहृदयस्तोत्र, एक-चतुर-दश-द्वादश-सप्तविंशत्यक्षरलक्ष्मीमन्त्रपुरश्चरणादिप्रयोग व भाषाटीका सहितम्)

सम्पादकः

स्व० पं० प्रेमदत्तशास्त्री

संस्थापकः-

वेदाचार्य रामजीलाल पालीवाल साङ्गवेद विद्यालयः, नजफगढ़, नई दिल्ली-११००४३ ।

नाथ पुस्तक भण्डार

१९४, दरीबा कलां, दिल्ली-११०००६

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकाशकः

नाथ पुस्तक भण्डार

१९४ दरीबा कलां, दिल्ली-११०००६

दूरभाषः-२३२७ ५३४४

सम्पादक	:	स्व० पं० प्रेमदत्तशास्त्री ग्रा०-जहाँगीराबाद, जि०- बुलन्दशहर, उ०प्र०
सर्वाधिकार	:	© प्रकाशकाधीन
प्रथमावृत्ति	:	जुलाई, सन् २००६
मूल्य	:	रु० २५.०० डाक व्यय पृथक्

शिवनाथ

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भूमिका

सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति । इस कथन के अनुसार आज-कल लोगों का मानना है कि धन से ही मनुष्य श्रेष्ठ और गुणवान् माना जाता है । परमेश्वर की कृपा से ही धन मिलता है । इसलिए प्रायः सभी लोग लक्ष्मी की उपासना करते हैं परन्तु लक्ष्मी जी श्रीमन्नारायण की सेवा में लगी रहती हैं । नारायण के विना लक्ष्मी की कृपा संभव नहीं है । इसलिए लक्ष्मी जी की श्रीमन्नारायण के सहित पूजा-अर्चना करनी चाहिए ।

लक्ष्मी जी का वाहन उल्लू अमंगल या अन्धकार का सूचक है, जो मदान्ध करके व्यक्ति को कुमार्गगामी बना देता है । श्रीमन्नारायण का वाहन गरुड शुभ एवं सुमंगल का सूचक है । नारायण के सहित लक्ष्मी की उपासना करने वाला व्यक्ति कभी भी कुमार्ग की ओर प्रवृत्त नहीं हो सकता । इसलिए लक्ष्मी नारायण की उपसना से धन के साथ-साथ सुख-शान्ति भी प्राप्त होती है । अतः सभी को सुख, शान्ति व समृद्धि के लिए लक्ष्मी और नारायण दोनों की समर्चना करनी चाहिए ।

प्रस्तुत पुस्तक में श्रीलक्ष्मीनारायणहृदयस्तोत्र (भाषाटीका सहित) पूजा व पाठ विधि सहित दिया गया है । शारदा तिलक तन्त्र में वर्णित लक्ष्मी व नारायण के अनेक मन्त्रों के जप व पूजा प्रयोग दिये गये हैं । मन्त्रों के साथ उनके विनियोग, न्यास, ध्यान तथा यन्त्र में आवरण पूजा सहित जप, पुरश्चरण विधि भी दी गयी है । **न्यास** का अर्थ है स्थापना अर्थात् अपने शरीर के अंगों में अभीष्ट देवताओं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

का स्थापन करना । **देवो भूत्वा देवं यजेत्** अर्थात् स्वयं भी देवमय होकर देवपूजा करनी चाहिए। इस प्रकार न्यास करने से शरीर के संपूर्ण अंगों में देवताओं का वास हो जाता है तथा ध्यान से आत्मा और देवता का एकीकरण होकर देवमय स्वरूप बनकर मन समाहित हो जाता है । इसी प्रकार विनियोग से मन्त्र में शक्ति आती है । इसके बिना पाठ या जप का पूर्ण फल नहीं मिलता है । इसलिए न्यास, ध्यान और विनियोग पूजा का आवश्यक अंग माना जाता है । इसके अतिरिक्त अंग और आवरण पूजा भी देवता की विशेष पूजा का आवश्यक अंग है । पुस्तक का स्वरूप विस्तृत होने के भय से सभी पूजा की विधियाँ संक्षेप में दी जा रही हैं । आशा है सभी आस्तिक जन हमारे इस लघु प्रयास से लाभान्वित होंगे ।

प्रूफ पठन व संशोधन कार्य में आचार्य श्री ध्रुव प्रसाद भट्टराई व आचार्य श्री बच्चा कुमार मिश्र का सहयोग सराहनीय है । पुनरपि शेष मुद्रणादि दोषों से अवगत कराने तथा उपयोगी सुझावों के लिए आपका स्वागत है ।

गौडवंशोद्भव-मिश्रोपाह्व-
कीर्त्तिकान्तः शर्म्मा

गुरुपूर्णिमा, संवत् २०६३
नजफगढ, नई दिल्ली

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अनुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठसंख्या
भूमिका	३
लक्ष्मीनारायणपूजनविधिः	६
लक्ष्मीहृदयस्तोत्रम्	१२
नारायणहृदयस्तोत्रम्	६३
मूलाष्टकम्	६४
प्रार्थनादशकम्	६८
लक्ष्मीमन्त्रानुष्ठानम्	७७
एकाक्षरचतुरक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः	७७
दशाक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः	८७
द्वादशाक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः	९०
सप्तविंशत्यक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः	१००
नारायणमन्त्रानुष्ठानविधानम्	१०५
द्वादशाक्षरनारायणवासुदेवमन्त्रप्रयोगः	१०५
लक्ष्मीनारायणमन्त्रपुरश्चरणप्रयोगः	११३
लक्ष्मीकवचम्	११५
सद्यःफलदा लक्ष्मीस्तवहृदयम्	११९
लक्ष्मी के १०८ नाम	१२३
श्रीमन्नारायण के १०८ नाम	१२८
श्रीलक्ष्मीनारायण जी की आरती	१३३
पूजा सामग्री	१३५

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ लक्ष्मीनारायणपूजनविधिः

प्रातः काल उठकर संन्ध्योपासनादि नित्य कर्म करने के पश्चात् अथवा शुभ मुहूर्त में सपत्नीक यजमान शुद्धवस्त्र धारण कर ऊन के आसन पर बैठकर, आचमन प्राणायामादि आत्मशुद्धि, आसनशुद्धि, शिखा बन्धन, दीप प्रज्वालन और स्वस्ति वाचनादि करके देशकालादि वर्ष, मास, तिथि, वार का स्मरण करते हुए हरिः ॐ तत्सद् विष्णुः-३ से आरम्भ कर **करिष्ये** तक पढ़कर संकल्प करे ।

संकल्पः हरिः ॐ तत्सद्विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महा-पुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे जम्बूद्वीपे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भूर्लोके भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे यमुनातटे इन्द्रप्रस्थे अमुकक्षेत्रे अमुकसंवत्सरे अमुकर्तौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अद्य शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकनाम शर्माऽहं ममात्मनः सपरिवारस्य सकलदुरितदौर्भाग्य-दुःस्वप्नदैन्यप्रभृति सर्वविधकष्टनिवारणपूर्वकं सुखसौभाग्य-सन्तत्यायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्रीलक्ष्मीनारायणप्रसादेन मनोऽभिलषितसकलकामनासंसिद्ध्यर्थम् अद्य प्रभृत्यमुकदिनपर्यन्तं सङ्कलीकरणरीत्या सम्पुटीकरणरीत्या पुरश्चरणरीत्या सकृदावर्तनपाठरीत्या वा श्रीलक्ष्मीनारायणहृदय-जपाख्यं कर्म करिष्ये ।

तत्पश्चात् शंख-घण्टा-दीप पूजन पूर्वक यथाशक्ति महागणपति, कलश, पुण्याहवाचन और मातृकाओं का विधिवत् पूजन तथा आचार्यादि वरण करें

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चौकी पर पीत या श्वेतवस्त्र बाँध कर सर्वतोभद्र मण्डल बनावें। सर्वतोभद्र पीठ पर श्रीलक्ष्मीनारायण की प्रतिमा, चित्र, सुपारी या यन्त्र में श्रीलक्ष्मीनारायण का आवाहन और स्थापन करें। यदि श्रीलक्ष्मीनारायण की सुवर्ण प्रतिमा हो तो उसका अग्न्युत्तारण पूर्वक विधिवत् प्राण-प्रतिष्ठा करें। यथाशक्ति श्रीसूक्त वा पुरुषसूक्त से विधिवत् षोडशोपचार या यथालब्धोपचार पूजन तथा पीठ एवं आवरणपूजा[१] करके निम्न प्रकार से विनियोग एवं न्यास करें।

विनियोगः **अस्य श्री महालक्ष्मीहृदयमालामन्त्रस्य ॥ भार्गव ऋषिः॥ आद्यादि श्रीमहालक्ष्मीर्देवता ॥ अनुष्टुबादि नानाछन्दांसि ॥ श्रीर्बीजम्॥ ह्रीं शक्तिः ॥ ऐं कीलकम् ॥ श्रीमहालक्ष्मीप्रसाद सिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः ॥**

१-पीठ एवं आवरणपूजा पृष्ठ संख्या ९५पर देखें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अंगन्यासः

ॐ भार्गवऋषये नमः शिरसि ॥ दक्षिण हाथ से शिर स्पर्श करें ।
ॐ अनुष्टुबादिनानाछन्दोभ्यो नमो मुखे ॥ द० हाथ से मुख स्पर्श करें।
ॐ आद्यादिश्रीमहालक्ष्मीदेवतायै नमो हृदये ॥ द० हाथ से हृदय स्पर्श करें ।
ॐ श्रीं बीजाय नमो गुह्ये ॥ द० हाथ से गुदा स्पर्श करें ।
ॐ ह्रीं शक्तये नमः पादयोः ॥ द० हाथ से पाद स्पर्श करें ।
ॐ ऐं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ॥ द० हाथ से सर्वांग स्पर्श करें ।

करन्यासः

ॐ श्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ॥ दोनों अंगुष्ठ का स्पर्श करें ।
ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः ॥ दोनों तर्जनियों का स्पर्श करें ।
ॐ ऐं मध्यमाभ्यां नमः ॥ दोनों मध्यमाओं का स्पर्श करें ।
ॐ श्रीं अनामिकाभ्यां नमः ॥ दोनों अनामिकाओं का स्पर्श करें ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ॐ ह्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ दोनों कनिष्ठिकाओं का स्पर्श करें ।
ॐ ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥ दोनों हथेलियों और पृष्ठ का स्पर्श करें ।

हृदयन्यासः

ॐ श्रीं हृदयाय नमः ॥ दक्षिण हाथ से हृदय का स्पर्श करें ।
ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा ॥ दक्षिण हाथ से शिर का स्पर्श करें ।
ॐ ऐं शिखायै वषट् ॥ दक्षिण हाथ से शिखा का स्पर्श करें ।
ॐ श्रीं कवचाय हुम् ॥ दोनों हाथों से दोनों भुजाओं का स्पर्श करें ।
ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ दक्षिण हाथ से दोनों नेत्रों का स्पर्श करें ।
ॐ ऐं अस्त्राय फट् ॥ द० हाथ शिर के ऊपर घुमाकर तालध्वनि करें।
ॐ श्रीं ह्रीं ऐं इति दिग्बन्धः ॥ द० हाथ से चारों दिशा में चुटकी बजाऐं ।

ध्यानम् हस्तद्वयेन कमले धारयन्तीं स्वलीलया ।
हारनूपुरसंयुक्तां लक्ष्मीं देवीं विचिन्तये ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इस प्रकार न्यास एवं ध्यान कर मानसोपचार से पूजा करें ।

शंखचक्रगदाहस्ते शुभ्रवर्णे सुवासिनी ।
मम देहि वरं लक्ष्मीः सर्वसिद्धिप्रदायिनी ॥

इससे प्रार्थना करें ।

मन्त्रः **ॐ श्रीं ह्रीं ऐं महालक्ष्म्यै कमलधारिण्यै सिंहवाहिन्यै स्वाहा**

इस मन्त्र का जप करके पुनः पूर्ववत् हृदयादि षडङ्गन्यास करके स्तोत्र पाठ करें ।

॥ संक्षिप्तपूजाविधिः संपूर्णः ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अथ लक्ष्मीहृदयस्तोत्रम्

वन्दे लक्ष्मीं परशिवमयीं शुद्धजाम्बूनदाभां,
तेजोरूपां कनकवसनां सर्वभूषोज्ज्वलाङ्गीम् ।
बीजापूरं कनककलशं हेमपद्मं दधाना-
माद्यां शक्तिं सकलजननीं विष्णुवामाङ्कसंस्थाम् ॥ १ ॥

परम कल्याणमयी, शुद्ध सोने के समान कान्तिवाली, तेजः स्वरूप, पीतवस्त्र तथा सभी आभूषणों से सुसज्जित अंगवाली, बिजौरा नीबू के समान सुवर्ण कलश तथा पीतकमल धारण करने वाली विष्णु के वाम भाग में स्थित तथा सम्पूर्ण संसार को उत्पन्न करने वाली आद्याशक्ति महालक्ष्मी की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीमत्सौभाग्यजननीं स्तौमि लक्ष्मीं सनातनीम् ।
सर्वकामफलावाप्तिसाधनैकसुखावहाम् ॥ २ ॥

श्रीयुक्त सौभाग्य की जननी, समस्त इच्छित फल की प्राप्ति रूप सुख साधनों को देने वाली सनातनी लक्ष्मी की स्तुति करता हूँ ॥ २ ॥

स्मरामि नित्यं देवेशि त्वया प्रेरितमानसः ।
त्वदाज्ञां शिरसा धृत्वा भजामि परमेश्वरीम् ॥ ३ ॥

हे देवेशि! आपके द्वारा मेरे हृदय में जैसी प्रेरणा दी गई है, उसी प्रकार आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर आप का स्मरण व भजन करता हूँ ॥ ३ ॥

समस्तसम्पत्सुखदां महाश्रियं
समस्तसौभाग्यकरीं महाश्रियम् ।
समस्त कल्याणकरीं महाश्रियं
भजाम्यहं ज्ञानकरीं महाश्रियम् ॥ ४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समस्त सम्पत्ति सुख देने वाली, सभी सौभाग्य को देने वाली, समस्त कल्याण करने वाली, मोक्ष साधन ज्ञान देने वाली महालक्ष्मी का मैं भजन करता हूँ ॥ ४ ॥

विज्ञानसम्पत्सुखदां सनातनीं
विचित्रवाग्भूतिकरीं मनोहराम् ।
अनन्तसम्मोदसुखप्रदायिनीं
नमाम्यहं भूतिकरीं हरिप्रियाम् ॥ ५ ॥

मोक्ष साधन स्वरूप शाश्वत ज्ञान, सम्पत्ति और सुख को देने वाली, विचित्र प्रकार के मनोहर आनन्द युक्त शास्त्रीय तथा लौकिक ज्ञाननिधि को देने वाली, अनन्त प्रकार के आनन्द और सुख-सम्पत्ति को देने वाली, ऐसी सुख-सम्पत्ति तथा ज्ञानराशि प्रदान करने वाली हरिप्रिया को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समस्तभूतान्तरसंस्थिता त्वं
समस्तभोक्त्रीश्वरि विश्वरूपे ।
तन्नास्ति यत्त्वद्व्यतिरिक्तवस्तु
त्वत्पादपद्मं प्रणमाम्यहं श्रीः ॥ ६ ॥

हे सम्पूर्ण भोग की स्वामिनी, विश्वरूपे लक्ष्मी! आप समस्त चराचर जगत् के हृदय में वास करने वाली हैं, इसलिए आपसे भिन्न कोई वस्तु नहीं है। अतः आपके चरण कमलों में नमस्कार करता हूँ ॥ ६ ॥

दारिद्र्यदुःखौघतमोपहन्त्रि
त्वत्पादपद्मं मयिसन्निधत्स्व ।
दीनार्तिविच्छेदनहेतुभूतैः
कृपाकटाक्षैरभिषिञ्च मां श्रीः ॥ ७ ॥

हे दारिद्र्य दुःखस्वरूप गहन अन्धकार को दूर करने वाली! आपके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चरणकमल मेरे हृदय में निवास करें एवं दीनार्तों के दुःख नाश करने वाली कृपादृष्टि से मुझे देखिये ॥ ७ ॥

अम्ब प्रसीद करुणासुधयार्द्रदृष्ट्या
मान्त्वत्कृपाद्रविणगेहमिमं कुरुष्व ।
आलोकय प्रणतहृद्गतशोकहन्त्रि
त्वत्पादपद्मयुगलं प्रणमाम्यहं श्रीः ॥ ८ ॥

हे अम्बे! प्रसन्न होकर करुणामृतमयी दृष्टि से देखिये और मुझे अपने कृपारूपी धन का घर बनाइये। हे भक्तों के हार्दिक शोक को हरने वाली! मेरे हृदय में आनन्द का प्रकाश करिये। मैं आपके चरण कमलों में प्रणाम करता हूँ ॥ ८ ॥

शान्त्यै नमोऽस्तु शरणागतरक्षणायै
कान्त्यै नमोऽस्तु कमनीयगुणाश्रयायै ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

क्षान्त्यै नमोऽस्तु दुरितक्षयकारणायै
धात्र्यै नमोऽस्तु धनधान्यसमृद्धिदायै ॥ ९ ॥

शरणागत की रक्षा करने वाली 'शान्तिदेवी' को नमस्कार है। श्रेष्ठगुण युक्त 'कान्तिदेवी' को नमस्कार है। पापनाशिनी 'क्षान्तिदेवी' को नमस्कार है। धन-धान्य की समृद्धि दायिनी 'धात्रीदेवी' को नमस्कार है ॥ ९ ॥

शक्त्यै नमोऽस्तु शशिशेखरसंस्तुतायै
रत्यै नमोऽस्तु रजनीकरसोदरायै ।
भक्त्यै नमोऽस्तु भवसागरतारिकायै
मत्यै नमोऽस्तु मधुसूदनवल्लभायै ॥ १० ॥

जिसकी चन्द्रशेखर महादेव स्तुति करते हैं, ऐसी 'शक्ति' को नमस्कार है। चन्द्रमा की भगिनी 'रति' को नमस्कार है। संसार सागर से उद्धार करने वाली भक्ति को नमस्कार है। मधुसूदन भगवान की प्यारी 'मति' को

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्कार है ॥ १० ॥

लक्ष्म्यै नमोऽस्तु शुभलक्षणलक्षितायै
सिद्ध्यै नमोऽस्तु शिवसिद्धसुपूजितायै ।
धृत्यै नमोऽस्त्वमितदुर्गतिभञ्जनायै
गत्यै नमोऽस्तु वरसद्गतिदायकायै ॥ ११ ॥

कल्याणकारी लक्षणयुक्त 'लक्ष्मी' को नमस्कार है। शिवादि सिद्ध पूजित 'सिद्धि' को नमस्कार है। अमित दुर्गति का नाश करने वाली 'धृति' को नमस्कार है। वर तथा सद्गति देने वाली 'गति' को नमस्कार है ॥ ११ ॥

देव्यै नमोऽस्तु दिवि देवगणार्चितायै
भूत्यै नमोऽस्तु भुवनार्तिविनाशनायै ।
दात्र्यै नमोऽस्तु धरणीधरवल्लभायै
पुष्ट्यै नमोऽस्तु पुरुषोत्तमवल्लभायै ॥ १२ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सम्पूर्ण देवताओं से पूजित 'देव' को नमस्कार है। संसारिक दुःखों की विनाशिनी 'भूति' को नमस्कार है। धरणीधर भगवान की प्यारी 'दात्री' को नमस्कार है। पुरुषोत्तम प्रिया 'पुष्टि' को नमस्कार है ॥ १२ ॥

सुतीव्रदारिद्र्यविदुःखहन्त्र्यै
नमोऽस्तु ते सर्वभयापहन्त्र्यै ।
श्रीविष्णुवक्षःस्थलसंस्थितायै
नमो नमः सर्वविभूतिदायै ॥ १३ ॥

महान् दारिद्र्यरूपी दुःख का नाश करने वाली, सम्पूर्ण भय को दूर करने वाली, विष्णु भगवान के हृदय में वास करने वाली तथा सभी सम्पत्ति को देने वाली 'लक्ष्मी' को बारम्बार नमस्कार है ॥ १३ ॥

जयतु जयतु लक्ष्मीर्लक्षणालंकृताङ्गी
जयतु जयतु पद्मा पद्मसद्माभिवन्द्या ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जयतु जयतु विद्या विष्णुवामाङ्कसंस्था
जयतु जयतु सम्यक्सर्वसम्पत्करी श्रीः ॥ १४ ॥

शुभ लक्षणों से अलंकृत अंगों वाली 'लक्ष्मी' की जय हो। कमलवासिनी वन्दनीया 'पद्मा' की जय हो। विष्णु भगवान के वाम भाग में स्थित 'विद्या' की जय हो। सर्वविध सम्पत्ति देने वाली 'श्री'(लक्ष्मी) की जय हो ॥१४॥

जयतु जयतु देवी देवसङ्घाभिपूज्या
जयतु जयतु भद्रा भार्गवी भाग्यरूपा ।
जयतु जयतु नित्या निर्मलज्ञानवेद्या
जयतु जयतु सत्या सर्वभूतान्तरस्था ॥ १५ ॥

देव समूह से पूजित 'देवी' की जय हो। सौभाग्यरूपा भार्गवी 'भद्रा' की जय हो। निर्मल ज्ञान से जानने योग्य 'नित्या' की जय हो। सभी प्राणियों के अन्तःकरण में वास करने वाली 'सत्या' की जय हो ॥ १५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जयतु जयतु रम्या रत्नगर्भान्तरस्था
जयतु जयतु शुद्धा शुद्धजाम्बूनदाभा ।
जयतु जयतु कान्ता कान्तिमद्भासिताङ्गी
जयतु जयतु शान्ता शीघ्रमागच्छ सौम्ये ॥ १६ ॥

रत्नगर्भा भूमि में स्थित 'रम्या' की जय हो । शुद्ध स्वर्ण सदृश कान्ति वाली 'शुद्धा' की जय हो । दीप्यमान कान्तिवाली 'कान्ता' की जय हो तथा शान्ता की जय हो । हे सौम्यरूपा लक्ष्मी! मेरे पास जल्दी आओ ॥ १६ ॥

यस्याः कलाद्याः कमलोद्भवाद्या
रुद्राश्च शक्रप्रमुखाश्च देवाः ।
जीवन्ति सर्वा अपि शक्तयस्ताः
प्रभुत्वमाप्ताः परमायुषस्ते ॥ १७ ॥

वे पूर्णायु वाले ब्रह्मा, रुद्र तथा इन्द्रादि देवता और सभी जीवन्ति

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शक्तियाँ जिसकी कलाओं से सामर्थ्य को प्राप्त हुई हैं वह महालक्ष्मी मेरे समीप आओ ॥१७॥

लिलेख निटिले विधिर्मम लिपिं विसृज्यान्तरं
त्वया विलिखितव्यमेतदिति तत्फलप्राप्तये ।
तदन्तरफले स्फुटं कमलवासिनी श्रीरिमां
समर्पय समुद्रिकां सकलभाग्यसंसूचिकाम् ॥ १८ ॥

हे कमलवासिनी लक्ष्मी! विधाता ने मेरे ललाट में जो दुर्भाग्य का लेख लिखा है, उसको हटाकर तुम्हें जैसा लिखना चाहिए वैसा शुभ फल पाने के लिए, विधाता का लिखा फल भोगने से पहले ही सकल सौभाग्य सूचक स्पष्ट रूप से आपकी मुहर लगा हुआ लेख मुझे दीजिये ॥ १८ ॥

कलया ते यथा देवि जीवन्ति सचराचराः ।
तथा सम्पत्करे लक्ष्मीः सर्वदा सम्प्रसीद मे ॥ १९ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे सम्पत्ति देने वाली लक्ष्मी! जिस प्रकार तुम्हारी कला धारण कर चराचर संसार जीवित है, उसी तरह मुझ पर सदा प्रसन्न रहो ॥ १९ ॥

यथा विष्णुर्ध्रुवे नित्यं स्वकलां संन्यवेशयत् ।
तथैव स्वकलां लक्ष्मी मयि सम्यक् समर्पय ॥ २० ॥

हे लक्ष्मी! जैसे विष्णु जी ने अपनी कला (शक्ति) ध्रुव में स्थापित की है, उसी प्रकार अपनी कला मुझमें अच्छी तरह स्थापित करो ॥ २० ॥

सर्वसौख्यप्रदे देवि भक्तानामभयप्रदे ।
अचलां कुरु यत्नेन कलां मयि निवेशिताम् ॥ २१ ॥

भक्तों को अभय तथा सर्व-सौख्य देने वाली देवी! मुझ में स्थापित की हुई अपनी कला को यत्नपूर्वक अचल कर दीजिये ॥ २१ ॥

मुदास्तां मद्भाले परमपदलक्ष्मीः स्फुटकला,
सदा वैकुण्ठश्रीर्निवसतु कला मे नयनयोः ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वसेत्सत्ये लोके मम वचसि लक्ष्मीर्वरकला,
श्रियः श्वेतद्वीपे निवसतु कला मेऽस्तु करयोः ॥ २२ ॥

मेरे ललाट में परमपद देने वाली स्फुटकला लक्ष्मी का एवं मेरे नेत्रों में सदा वैकुण्ठवासिनी कला लक्ष्मी तथा वाणी में सत्यलोक निवासिनी वरकला लक्ष्मी एवं मेरे हाथों में श्वेतद्वीपवासिनी लक्ष्मी की कला का वास हो ॥ २२ ॥

तावन्नित्यं ममाङ्गेषु क्षीराब्धौ श्रीकला वसेत् ।
सूर्याचन्द्रमसौ यावद्यावल्लक्ष्मी पतिः श्रिया ॥ २३ ॥

जब तक भगवान विष्णु क्षीर-समुद्र में लक्ष्मी के साथ निवास करते हैं, तथा सूर्य और चन्द्रमा की स्थिति जब तक हैं, तब तक मेरी आत्मा में तुम्हारी लक्ष्मीरूपा कला स्थित रहे ॥ २३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सर्वमङ्गलसम्पूर्णा सर्वैश्वर्यसमन्विता ।
आद्यादिश्रीर्महालक्ष्मीस्त्वत्कला मयि तिष्ठतु ॥ २४ ॥

हे महालक्ष्मी! सर्व मंगलयुक्त तथा सम्पूर्ण ऐश्वर्य सहित जगत की आदि कारण तेरी कला मुझमें स्थित हो ॥ २४ ॥

अज्ञानतिमिरं हन्तुं शुद्धज्ञानप्रकाशिका ।
सर्वैश्वर्यप्रदा मेऽस्तु त्वत्कला मयि संस्थिता ॥ २५ ॥

हे लक्ष्मी! विशुद्ध ज्ञान का प्रकाश करने वाली सम्पूर्ण ऐश्वर्य देने वाली आपकी कला मेरे अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर करने के लिए मुझमें स्थिर रहे ॥ २५ ॥

अलक्ष्मीं हरतु क्षिप्रं तमः सूर्यप्रभा यथा ।
वितनोतु मम श्रेयस्त्वत्कला मयि संस्थिता ॥ २६ ॥

हे लक्ष्मी! मुझ में स्थित हुई तुम्हारी कला सूर्य के प्रकाश के समान

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मेरे दरिद्रान्धकार को दूर करके कल्याण-रूप प्रकाश फैलावे ॥ २६ ॥

ऐश्वर्यमङ्गलोत्पत्तिः त्वत्कलायां निधीयते ।
मयि तस्मात्कृतार्थोऽस्मि पात्रमस्मि स्थितेस्तव ॥ २७ ॥

हे लक्ष्मी ! आपकी कला ऐश्वर्य और मंगल की उत्पत्ति का कारण है। अतः आपकी स्थिति का योग्य पात्र होने के कारण मैं कृतार्थ हो गया हूँ ॥ २७ ॥

भवदावेशभाग्यार्हो भाग्यवानस्मि भार्गवि।
त्वत्प्रसादात्पवित्रोऽहं लोकमातर्नमोऽस्तु ते ॥ २८ ॥

हे भार्गवि! मैं आपका कृपापात्र हूँ, अतः मैं भाग्यवान् हूँ। आपकी कृपा से मैं पवित्र हो गया हूँ। हे लोकमाता! तुम्हें नमस्कार है ॥ २८ ॥

पुनासि मां त्वं कलयैव यस्मा-
दतः समागच्छ ममाग्रतस्त्वम् ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

परं पदं श्रीर्भव सुप्रसन्ना
मय्यच्युतेन प्रविशादिलक्ष्मीः ॥ २९ ॥

हे लक्ष्मी! जबकि आप अपनी कला से ही मुझे पवित्र कर सकती हो तब अवश्य मेरे यहाँ आओ और परम शक्ति स्वरूपा आदि लक्ष्मी विष्णु भगवान सहित मुझमें वास करो ॥ २९ ॥

श्रीवैकुण्ठस्थितेलक्ष्मीः समागच्छ ममाग्रतः ।
नारायणेन सह मां कृपादृष्ट्यावलोकय ॥ ३० ॥

हे वैकुण्ठलोक में रहने वाली लक्ष्मी! मेरे समीप आओ और मुझ पर नारायण सहित अपनी कृपादृष्टि करो ॥ ३० ॥

सत्यलोकस्थिते लक्ष्मीस्त्वं ममागच्छसन्निधिम् ।
वासुदेवेन सहिता प्रसीद वरदा भव ॥ ३१ ॥

हे सत्यलोक में रहने वाली लक्ष्मी! तुम वासुदेव के सहित मेरे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
सन्निधि आओ और प्रसन्न होकर मुझे वरदान करो ॥ ३१ ॥

श्वेतद्वीपस्थिते लक्ष्मीः शीघ्रमागच्छ सुव्रते ।
विष्णुना सहिते देवि जगन्मातः प्रसीद मे ॥ ३२ ॥

हे श्वेत द्वीप में वसने वाली सुव्रते लक्ष्मी! शीघ्र यहाँ आओ और हे जगन्मातः! भगवान् विष्णु के साथ आकर मुझ पर प्रसन्न होइये ॥ ३२ ॥

क्षीराम्बुधिस्थिते लक्ष्मीः समागच्छ समाधवे ।
त्वत्कृपादृष्टिसुधया सततं मां विलोकय ॥ ३३ ॥

हे क्षीरसागर में वसने वाली लक्ष्मी! आप माधव सहित आओ और निरन्तर अमृतमयी अपनी कृपादृष्टि से मुझे देखो ॥ ३३ ॥

रत्नगर्भस्थिते लक्ष्मीः परिपूर्णहिरण्मयि ।
समागच्छ समागच्छ स्थित्वाशु पुरतो मम ॥ ३४ ॥

हिरण्य से परिपूर्ण रत्नों वाले स्थान में रहने वाली लक्ष्मी! शीघ्र मेरे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यहाँ आकर स्थिर हो जाओ ॥ ३४ ॥

स्थिरा भव महालक्ष्मीः निश्चला भव निर्मले ।
प्रसन्ने कमले देवि प्रसन्नहृदया भव ॥ ३५॥

महालक्ष्मी! आप स्थिर होओ, हे निर्मलरूपे! निश्चल हो एवं प्रसन्न कमले देवि ! प्रसन्न हृदय वाली होकर कृपा करो ॥ ३५ ॥

श्रीधरे श्रीमहाभूते त्वदन्तःस्थं महानिधिम् ।
शीघ्रमुद्धृत्य पुरतः प्रदर्शय समर्पय ॥ ३६ ॥

श्रीधर श्रीमहाभूत स्वरूप पृथिवी रूपा हे लक्ष्मी! अपने में स्थित महानिधि को उठाकर दिखाओ, और मुझे प्रदान करो ॥ ३६ ॥

वसुन्धरे श्रीवसुधे वसुदोग्धि कृपामयि ।
त्वत्कुक्षिगतसर्वस्वं शीघ्रं मे सम्प्रदर्शय ॥ ३७ ॥

धनरूपी दूध दुहने वाली वसुन्धरे श्रीवसुधे देवि! मुझ पर कृपा करके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
अपनी कुक्षि में स्थित सम्पूर्ण रत्नादि धनराशि को मुझे दिखाओ ॥ ३७ ॥

विष्णुप्रिये रत्नगर्भे समस्तफलदे शिवे ।
त्वद्गर्भगतहेमादीन् सम्प्रदर्शय दर्शय ॥ ३८ ॥

हे समस्त शुभ फल देने वाली विष्णुप्रिया, रत्नगर्भा, कल्याणकारिणी देवि! आप अपने गर्भ में स्थित सुवर्ण आदि रत्नों को अच्छी तरह मुझे दिखाओ ॥ ३८ ॥

रसातलगते लक्ष्मीः शीघ्रमागच्छ मे पुरः ।
न जाने परमं रूपं मातर्मे सम्प्रदर्शय ॥ ३९॥

हे रसातल (भूगर्भ में) में रहने वाली लक्ष्मी! शीघ्र मेरे सम्मुख आओ। मैं आपके परम रूप को पहचान नहीं सकता । इसलिए हे मातः! मुझे अपने दर्शन कराओ ॥ ३९ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आविर्भव मनोवेगाच्छीघ्रमागच्छ मे पुरः।
मा वत्स भैरिहेत्युक्त्वा कामं गौरिव रक्ष माम् ॥ ४० ॥

हे लक्ष्मी! मनोवेग से प्रकट होकर शीघ्र मेरे सम्मुख आओ "हे वत्स! डरो मत" ऐसा कहकर बछड़े को चाहने वाली गाय के समान मेरी रक्षा करो ॥ ४० ॥

देवि शीघ्रं समागच्छ धरणीगर्भसंस्थिते ।
मातस्त्वद्भृत्यभृत्योऽहं मृगये त्वां कुतूहलात् ॥ ४१ ॥

पृथ्वी के गर्भ में रत्नरूप में रहने वाली हे देवि! शीघ्र मेरे यहाँ आओ। हे मातः ! मैं आपका दासानुदास हूँ। बड़ी उत्सुकता से आपको खोज रहा हूँ ॥ ४१ ॥

उत्तिष्ठ जागृहि त्वं मे समुतिष्ठ सुजागृहि ।
अक्षयान् हेमकलशान् सुवर्णेन सुपूरितान् ॥ ४२ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे देवि! शीघ्र उठो, जागो! कभी खाली न होने वाले सुवर्ण से परिपूर्ण स्वर्ण कलशों को ॥ ४२ ॥

निक्षेपान्मे समाकृष्य समुद्धृत्य ममाग्रतः ।
समुन्नताननना भूत्वा समाधेहि धरान्तरात् ॥ ४३ ॥

भूमि के गर्भ से निकाल कर और उठाकर प्रसन्न चित्त से मेरे सामने रख दो ॥ ४३ ॥

मत्सन्निधिं समागच्छ मदाहितकृपारसात् ।
प्रसीद श्रेयसां दोग्ध्रि लक्ष्मीर्मे नयनाग्रतः ॥ ४४ ॥

हे कल्याणकारिणी! मेरे ऊपर कृपा करके मेरे समीप आइये, प्रसन्न होकर मेरी आँखों के सामने रहिये ॥ ४४ ॥

अत्रोपविश लक्ष्मीस्त्वं स्थिरा भव हिरण्मयि ।
सुस्थिरा भव सम्प्रीत्या प्रसीद वरदा भव ॥ ४५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे लक्ष्मी! आप मेरे यहाँ बैठो और सुवर्ण रूप से स्थिर हो जाओ। प्रेमपूर्वक सुस्थिर होओ तथा प्रसन्न होकर वर दो ॥ ४५ ॥

आनीय त्वं तथा देवि निधीन्मे सम्प्रदर्शय ।
अद्य क्षणेन सहसा दत्वा संरक्ष मां सदा ॥ ४६ ॥

हे देवि! आप उस अपनी निधि को लाकर मुझे दिखाओ और आज ही तत्काल प्रदान करके सदा मेरी रक्षा करो ॥ ४६ ॥

मयि तिष्ठ तथा नित्यं यथेन्द्रादिषु तिष्ठसि ।
अभयं कुरु मे देवि महालक्ष्मीर्नमोऽस्तु ते ॥ ४७ ॥

हे देवि! जैसे आप इन्द्रादि देवताओं के यहाँ रहती हो, उसी प्रकार मेरे घर में रहकर मुझे अभय करो। हे महालक्ष्मी! मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ४७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समागच्छ महालक्ष्मीः शुद्ध जाम्बूनदप्रभो ।
प्रसीद पुरतः स्थित्वा प्रणतं मां विलोकय ॥ ४८ ।

शुद्ध सुवर्ण के समान कान्ति वाली हे महालक्ष्मी! आप यहाँ आकर मुझ पर प्रसन्न हो जाओ, और आपके सम्मुख विनत मुझको कृपादृष्टि से देखो ॥ ४८ ॥

लक्ष्मीर्भुवं गता भासि यत्र यत्र हिरण्मयी ।
तत्र तत्र स्थिता त्वं मे तव रूपं प्रदर्शय ॥ ४९ ॥

हे लक्ष्मी! इस पृथ्वी पर जहाँ जहाँ सुवर्ण रूप में सुशोभित होती हो, वहाँ-वहाँ स्थित होकर तुम मुझे अपना कृपा स्वरूप दिखाओ ॥ ४९ ॥

क्रीडसे बहुधा भूमौ परिपूर्णा हिरण्मयी ।
मम मूर्धनि ते हस्तमविलंबितमर्पय ॥ ५० ॥

हे लक्ष्मी! इस पृथ्वी पर आप हिरण्य रूप में अनेक प्रकार से परिपूर्ण

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

होकर क्रीडा कर रही हो। अतः आप मेरे शिर पर शीघ्र अपना वरद हस्त रखो ॥ ५० ॥

फलद्भाग्योदये लक्ष्मीः समस्तपुरवासिनी ।
प्रसीद मे महालक्ष्मीः परिपूर्णमनोरथे ॥ ५१ ॥

हे भाग्योदय करने वाली लक्ष्मी! सम्पूर्ण नगरों में विराजमान एवं सबके मनोरथ पूर्ण करने वाली महालक्ष्मी! मुझ पर प्रसन्न हो जाओ ॥ ५१ ॥

अयोध्यादिषु सर्वेषु नगरेषु समास्थिते ।
वैभवैर्विविधैर्युक्ता समागच्छ बलान्विते ॥ ५२ ॥

हे धनबलयुते लक्ष्मी! जैसे आप अयोध्यादि समस्त नगरों में विराजमान हैं, उसी प्रकार अनेक वैभव से युक्त होकर मेरे यहाँ आओ ॥ ५२ ॥

समागच्छ समागच्छ ममाग्रे भव सुस्थिरा ।
करुणारसनिष्यन्दनेत्रद्वय विलासिनी ॥ ५३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे करुणारसयुक्त नयनों वाली महालक्ष्मी! यहाँ आओ और मेरे सम्मुख सुस्थिर हो जाओ ॥ ५३ ॥

संविधत्स्व महालक्ष्मीस्त्वप्ताणिं मम मस्तके ।
करुणासुधया मां त्वमभिषिंच स्थिरीकुरु ॥ ५४ ॥

हे लक्ष्मी! आप अपना वरद हस्त मेरे सिर पर रखिये । करुणामृत से मुझे अभिषिञ्चित करके मुझको स्थिरता प्रदान करो ॥ ५४ ॥

सर्वराजगृहे लक्ष्मीः समागच्छ मुदान्विते ।
स्थित्वाशु पुरतो मेऽद्य प्रसादेनाभयं कुरु ॥ ५५ ॥

हे राजभवनों में रहने वाली आनन्दयुक्ता लक्ष्मी! आओ और शीघ्र मेरे सम्मुख ठहरकर अपनी कृपा से मुझे अभय करो ॥ ५५ ॥

सादरं मस्तके हस्तं मम त्वं कृपयार्पय ।
सर्व राजगृहे लक्ष्मीस्त्वत्कला मयि तिष्ठतु ॥ ५६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समस्त राजघरानों में सुशोभित होने वाली हे लक्ष्मी! कृपा करके मेरे शिर पर सादर अपना वरद हस्त रखो और तुम्हारी कला मेरे घर में वास करे ॥ ५६ ॥

आद्यादि श्रीमहालक्ष्मीर्विष्णुवामाङ्कसंस्थिते ।
प्रत्यक्षं कुरु मे रुपं रक्ष मां शरणागतम् ॥ ५७ ॥

भगवान विष्णु के वाम भाग में रहने वाली हे आद्या शक्ति लक्ष्मी! आप अपने स्वरूप का प्रत्यक्ष दर्शन करा करके मुझ शरणागत की रक्षा करें ॥ ५७ ॥

प्रसीद मे महालक्ष्मीः सुप्रसीद महाशिवे ।
अचला भव सम्प्रीत्या सुस्थिरा भव मद्गृहे ॥ ५८ ॥

हे महालक्ष्मी! आप मुझ पर प्रसन्न हों। हे कल्याणकारिणी ! आप अति प्रसन्न हों । स्नेहपूर्वक मेरे घर में अचल होकर सदा स्थिर रहो ॥ ५८ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यावत्तिष्ठंति वेदाश्च यावत्त्वन्नाम तिष्ठति ।
यावद्विष्णुश्च यावत्त्वं तावत्कुरु कृपां मयि ॥ ५९ ॥

हे लक्ष्मी! जब तक संसार में वेद हैं तथा उनमें तुम्हारा नाम है, और जब तक विष्णु तथा आप हैं, तब तक मुझ पर अपनी कृपा करती रहें ॥ ५९ ॥

चान्द्री कला यथा शुक्ले वर्धते सा दिने दिने ।
तथा दया ते मय्येव वर्धतामभिवर्धताम् ॥ ६० ॥

हे लक्ष्मी! जैसे चन्द्र की एक-एक कला शुक्ल पक्ष में प्रतिदिन बढ़ती है, उसी प्रकार तुम्हारी कृपा मुझ पर प्रतिदिन बढ़ती ही रहे ॥ ६० ॥

यथा वैकुण्ठनगरे यथा वै क्षीरसागरे ।
तथा मद्भवने तिष्ठ स्थिरं श्रीविष्णुना सह ॥ ६१ ॥

हे लक्ष्मी! जैसे आप वैकुण्ठलोक तथा क्षीरसागर में रहती हो, वैसे ही मेरे यहाँ भी विष्णु के सहित स्थिर होकर निवास करो ॥ ६१ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

योगिनां हृदये नित्यं यथा तिष्ठसि विष्णुना ।
तथा मद्भवने तिष्ठ स्थिरं श्री विष्णुना सह ॥ ६२ ॥

हे लक्ष्मी! जैसे आप विष्णु सहित योगियों के हृदय में नित्य निवास करती हो, वैसे ही मेरे घर में विष्णु के साथ स्थिर होकर वास करो ॥ ६२ ॥

नारायणस्य हृदये भवती यथास्ते
नारायणोऽपि तव हृत्कमले यथास्ते ।
नारायणास्त्वमपि नित्यमुभौ तथैव
तौ तिष्ठातां हृदि ममापि दयावति श्रीः ॥ ६३ ॥

हे दयामयी लक्ष्मी ! जैसे आप नारायण के हृदय में रहती हो और नारायण भी आपके हृदय में वसते हैं, उसी प्रकार नारायण और आप दोनों मेरे हृदय में नित्य निवास करो ॥ ६३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विज्ञानवृद्धिं हृदये कुरु श्रीः
सौभाग्यवृद्धिं कुरु मे गृहे श्रीः ।
दयासुवृद्धिं कुरुतां मयि श्रीः
सुवर्णवृद्धिं कुरु मे गृहे श्रीः ॥ ६४ ॥

हे लक्ष्मी! मेरे हृदय में ज्ञान तथा घर में श्रीवृद्धि करो । मेरे ऊपर दयावृद्धि तथा मेरे घर में सुवर्ण की वृद्धि करो ॥ ६४ ॥

न मां त्यजेथाः श्रितकल्पवल्लि
सद्भक्तचिन्तामणिकामधेनो ।
विश्वस्य मातर्भव सुप्रसन्ना
गृहे कलत्रेषु च पुत्रवर्गे ॥ ६५ ॥

हे लक्ष्मी! भक्त के लिए कल्पवृक्ष, चिन्तामणि एवं कामधेनु समान हैं। ऐसी हे लक्ष्मी! मेरा कभी त्याग नहीं करना । आप जगज्जननी हैं, मेरे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्त्री, पुत्र और घर पर सदा प्रसन्न रहना ॥ ६५ ॥

आद्यादिमाये त्वमजाण्डबीजं
त्वमेव साकारनिराकृतिस्त्वम् ।
त्वया धृताश्चाब्जभवाण्डसङ्घा-
श्चित्रं चरित्रं तव देवि विष्णोः ॥ ६६ ॥

हे मायारूपा आदिशक्ति! तुम ही ब्रह्मा तथा ब्रह्माण्ड समूह की उत्पत्ति का कारण हो और सगुण तथा निर्गुण रूप से साकार एवं निराकार हो। कमलोद्भव ब्रह्मा के उत्पन्न किये हुए ब्रह्माण्ड खण्ड को तुम ही धारण किये हुए हो । भगवान् विष्णु तथा तुम्हारा चरित्र बड़ा ही विचित्र है ॥ ६६ ॥

ब्रह्मरुद्रादयो देवा वेदाश्चापि न शक्नुयुः ।
महिमानं तव स्तोतुं मन्दोऽहं शक्नुयां कथम् ॥ ६७ ॥

हे लक्ष्मी! जब ब्रह्मा, रुद्रादि देवता तथा वेद भी तुम्हारी महिमा का

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बखान नहीं कर सके, तो मन्दमति मैं कैसे कर सकता हूँ ॥ ६७ ॥

अम्ब त्वद्वत्सवाक्यानि सूक्तासूक्तानि यानि च ।
तानि स्वीकुरु सर्वज्ञे दयालुत्वेन सादरम् ॥ ६८ ॥

हे माता! आप सर्वज्ञ हैं, अतः भले-बुरे ये तुम्हारे इस पुत्र के स्तुति-वचन हैं, उन्हें आप अपनी दयालुतापूर्वक सादर स्वीकार करें ॥ ६८ ॥

भवतीं शरणं गत्वा कृतार्थाः स्युः पुरातनाः ।
इति संचिन्त्य मनसा त्वामहं शरणं व्रजे ॥ ६९ ॥

हे लक्ष्मी! पहले भी बहुत से भक्त आपकी शरण में आकर कृतार्थ हो गये हों, यह विचार कर मैं आपकी शरण आया हूँ ॥ ६९ ॥

अनन्ता नित्यसुखिनस्त्वद्भक्तास्त्वत्परायणाः ।
इति वेदप्रमाणाद्धि देवि त्वां शरणं व्रजे ॥ ७० ॥

हे देवि! तुम्हारे जो भक्त निष्ठावान् होते हैं, वे अनन्त काल तक सदा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सुखी रहते हैं। इस वेदोक्त-प्रमाण से ही मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ ॥ ७० ॥

तव प्रतिज्ञा मद्भक्ता न नश्यन्तीत्यपि क्वचित् ।
इति संचिन्त्य संचिन्त्य प्राणान्सन्धारयाम्यहम् ॥ ७१ ॥

हे देवि! तुम्हारी यह प्रतिज्ञा है कि "मेरा भक्त कभी भी दुःखी नहीं होता" ऐसा विचार करके ही मैं जी रहा हूँ ॥ ७१ ॥

त्वदधीनस्त्वहं मातस्त्वत्कृपा मयि विद्यते ।
यावत्सम्पूर्णकामः स्यां तावद्देहि दयानिधे ॥ ७२ ॥

हे माता! मैं तो तेरे आधीन हूँ, और मेरे ऊपर तुम्हारी कृपा है। हे दयानिधे! मुझे इतना दें जिससे मेरी सम्पूर्ण कामनायें पूरी हों ॥ ७२ ॥

क्षणमात्रं न शक्नोमि जीवितुं त्वत्कृपां विना ।
न जीवन्तीह जलजा जलं त्यक्त्वा जलग्रहाः ॥ ७३ ॥

हे लक्ष्मी! जैसे जल के जीव जल के विना नहीं रह सकते, उसी प्रकार

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तुम्हारी कृपा के विना मैं क्षणमात्र भी जीवित नहीं रह सकता ॥ ७३ ॥

यथा हि पुत्रवात्सल्याज्जननी प्रस्नुतस्तनी ।
वत्सं त्वरितमागत्य सम्प्रीणयति वत्सला ॥ ७४ ॥

हे लक्ष्मी! जैसे गाय पुत्रस्नेह के वशीभूत होकर जल्दी घर आकर दूध झरते हुए स्तन पिलाकर बछड़े को तृप्त करती है ॥ ७४ ॥

यदि स्यां तव पुत्रोऽहं माता त्वं यदि मामकी ।
दयापयोधरस्तन्य - सुधाभिरभिषिंच माम् ॥ ७५ ॥

जबकि मैं तुम्हारा पुत्र हूँ, और तुम मेरी माता हो, तब क्यों नहीं अपने दया रूपी स्तन से अमृत रूपी दुग्ध पिलाकर मुझे भी तृप्त करो ॥ ७५ ॥

मृग्यो न गुणलेशोऽपि मयि दोषैकमन्दिरे ।
पांसूनां वृष्टिबिन्दूनां दोषाणां च न मे मतिः ॥ ७६ ॥

हे माता! मैं दुर्गुणों की खान हूँ, गुण की दृष्टि से मुझमें किञ्चित मात्र

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भी गुण नहीं हैं। बालू के कण, वर्षा के बिन्दु के समान मेरे दोषों का भी अन्त नहीं है ॥ ७६ ॥

पापिनामहमेवाग्र्यो दयालूनां त्वमग्रणीः ।
दयनीयो मदन्योऽस्ति तव कोऽत्र जगत्त्रये ॥ ७७॥

हे माता! जबकि मैं सबसे बड़ा पापी हूँ और तुम सबसे बड़ी दयालु हो, तब तीनों लोकों में मुझसे बढ़कर और कौन आपकी दया का पात्र हो सकता है ॥ ७७ ॥

विधिनाऽहं न सृष्टश्चेन्नस्यात्तव दयालुता ।
आमयो वा न सृष्टश्चेदौषधस्य वृथोदयः ॥ ७८ ॥

हे माता! यदि ब्रह्मा ने मुझे पैदा न किया होता, तो तुम्हारी दया भी न होती, क्योंकि यदि बीमार न हो, तो औषधि का पैदा होना व्यर्थ है ॥ ७८ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कृपा मदग्रजा किन्ते अहं किं वा तदग्रजः ।
विचार्य देहि मे वित्तं तव देवि दयानिधे ॥ ७९ ॥

हे दयानिधि देवि! आपकी कृपा पहले अथवा मैं पहले उत्पन्न हुआ हूँ अर्थात् मेरी उत्पत्ति के साथ ही आपकी कृपा भी उत्पन्न हुई है । यह विचार कर मुझको धन-सम्पत्ति दो ॥ ७९ ॥

माता पिता त्वं गुरुः सद्गतिः श्रीः
त्वमेव सञ्जीवनहेतुभूता ।
अन्यन्न मन्ये जगदेकनाथे
त्वमेव सर्वं मम देवि सत्ये ॥ ८० ॥

हे लक्ष्मी! तुम ही माता-पिता एवं श्रेष्ठ आश्रय हो और तुम ही मेरे जीवन का कारण हो, तुम संसार की एकमात्र स्वामिनी हो । मैं तुम्हारे सिवा और किसी को भी शरण देने वाली नहीं मानता, अतः मेरा तो तुम्हीं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सर्वस्व हो ॥ ८० ॥

आद्यादि लक्ष्मीर्भव सुप्रसन्ना
विशुद्ध विज्ञानसुखैकदोग्ध्री ।
अज्ञानहन्त्री त्रिगुणातिरिक्ता
प्रज्ञाननेत्री भव सुप्रसन्ना ॥ ८१ ॥

हे लक्ष्मी! आप आदिशक्ति, विशुद्ध आत्मज्ञान रूपी आनन्द को देने वाली, अज्ञान का नाश करने वाली, सत्व, रज, तम तीनों गुणों से परे, प्रज्ञान स्वरूप हो । आप मुझ पर प्रसन्न होओ ॥ ८१ ॥

अशेषवाग्जाड्यमलापहन्त्री
नवं नवं स्पष्टसुवाक्प्रदायिनी ।
ममेह जिह्वाग्रसुरङ्गनर्तकी
भव प्रसन्ना वदने च मे श्रीः ॥ ८२ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मेरी वाणी की जड़ता (मूर्खता) रूप दोष को दूर करके नई-नई स्पष्ट तथा सुन्दर सूक्तियों का समावेश करने वाली, विद्या रूप से वाणी पर नृत्य करनेवाली देवि! मेरे मुख में प्रसन्न होकर वास करें ॥ ८२ ॥

समस्तसम्पत्सु विराजमाना
समस्ततेजश्च विभासमाना ।
विष्णुप्रिये त्वं भव दीप्यमाना
वाग्देवता मे नयने प्रसन्ना ॥ ८३ ॥

हे विष्णुप्रिये! समस्त सम्पत्ति के रूप में रहने वाली और अपने दिव्य तेज-समूह से देदीप्यमान आप सरस्वती रूप से प्रसन्न होकर मेरे नयनों में वास करो ॥ ८३ ॥

सर्वप्रदर्शे सकलार्थदे त्वं
प्रभासुलावण्यदयाप्रदोग्ध्री ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सुवर्णदे त्वं सुमुखी भव श्रीः
हिरणमयी मे नयने प्रसन्ना ॥ ८४ ॥

हे लक्ष्मी! तुम सबसे श्रेष्ठ दर्शनीय, सम्पूर्ण इच्छित फल को देने वाली अपनी कान्ति में दया रूपी सौन्दर्य का बरसाने वाली तथा सुवर्ण को देने वाली, सौन्दर्यमयी प्रसन्नतायुक्त मेरे सम्मुख होती हुई मेरे नयनों में वास करो ॥ ८४ ॥

सर्वार्थदा सर्वजगत्प्रसूतिः
सर्वेश्वरी सर्वभयापहन्त्री ।
गर्वोन्नता वं सुमुखी भव श्रीः
हिरणमयी मे नयने प्रसन्ना ॥ ८५ ॥

हे लक्ष्मी! तुम सब प्रकार से धन देने वाली, जगज्जननी, जगदीश्वरी सम्पूर्ण भय को दूर करने वाली, सबसे श्रेष्ठ हो। अतः प्रसन्न होकर स्वर्ण

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रूप से मेरी आँखों के सामने रहो ॥ ८५ ॥

समस्तविघ्नौघविनाशकारिणी
समस्तभक्तोद्धरणे विचक्षणा ।
अनन्तसौभाग्यसुखप्रदायिनी
हिरण्मयी मे नयने प्रसन्ना ॥ ८६ ॥

समस्त विघ्न समूह का नाश करने वाली, भक्तमात्र का उद्धार करने में विचक्षण (चतुर) अनन्त कालस्थायी सौभाग्य सुख देने वाली सौन्दर्यमयी लक्ष्मी! प्रसन्न होकर मेरे नयनों में वास करें ॥ ८६ ॥

देवि प्रसीद दयनीयतमाय मह्यं
देवाधिनाथभवदेवगणाभिवन्द्ये ।
मातस्तथैव भव संनिहिता दृशोर्मे
पत्यासमं मम मुखे भव सुप्रसन्ना ॥ ८७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे देवि! मुझ दयनीय भक्त पर दया करो । शिव, ब्रह्मा, इन्द्र आदि देवगणों से आप स्तुत हो, (जैसे आप देवताओं से सन्मुख होती हो) उसी प्रकार प्रीतियुक्त होकर प्रसन्न मन से (सरस्वती रूप से) मेरे मुख में तथा (लक्ष्मी रूप से) आँखों में वास करो ॥ ८७ ॥

मा वत्स भैरभयदानकरोऽर्पितस्ते
मौलो ममेति मयि दीनदयानुकम्पे ।
मातः समर्पय मुदा करुणाकटाक्षं
माङ्गल्यबीजमिह नः सृज जन्म मातः ॥ ८८ ॥

हे दीनों पर दया करने वाली! 'पुत्र मत भय कर' ऐसा कहती हुई आपने अपना अभ्य करने वाला वरद हस्त मेरे शिर पर रख दिया । हे माता! स्नेह तथा दया की दृष्टि से देखो, और मेरे लिए मांगल्य कार्य के बीज को अंकुरित करो ॥ ८८ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कटाक्ष इह कामधुक् तव मनस्तु चिन्तामणिः
करः सुरतरुः सदा नवनिधिस्त्वमेवेन्दिरे ।
भवेत्तव दयारसो मम रसायनं चान्वहं
मुखं तव कलानिधिर्विविधवांछितार्थप्रदम् ॥ ८९ ॥

हे इन्दिरे! तुम्हारी दयादृष्टि मेरे लिये कामधेनु है, मन चिन्तामणि और हाथ कल्पवृक्ष तथा नवनिधि सदा आप ही हैं। तुम्हारा दयारूपी रस मेरा रसायन और प्रतिदिन विविध मनोरथ पूर्ण करने वाला तुम्हारा मुख मेरे लिये कलानिधि चन्द्रमा ही है ॥ ८९ ॥

यथा रसस्पर्शनतोऽयसोऽपि
सुवर्णता स्यात्कमले तथा ते ।
कटाक्षसंस्पर्शनतो जनानाम्
अमङ्गलानामपि मङ्गलत्वम् ॥ ९० ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे लक्ष्मी! जैसे पारस मणि के स्पर्श से लोहा भी सुवर्ण हो जाता है, वैसे ही आपकी कृपादृष्टि के स्पर्श से मनुष्यों के अमंगल भी मंगल रूप हो जाते हैं ॥ ९० ॥

देहीती नास्तीति वचः प्रवेशा-
द्भीतो रमे त्वां शरणं प्रपद्ये ।
अतः सदास्मिन्नभयप्रदा त्वं
सहैव पत्या मयि संनिधेहि ॥ ९१ ॥

हे रमे! मांगने में नकारात्मक उत्तर पाने की आशङ्का से भयभीत होकर मैं आपकी शरण में आया हूँ । इसलिये आप अपने स्वामी नारायण सहित अभयदान करती हुई मेरे घर में वास करें ॥ ९१ ॥

कल्पद्रुमेण मणिना सहिता सुरम्या
श्रीस्ते कला मयि रसेन रसायनेन ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आस्तां यतो मम च दृक्शिरपाणिपाद-
स्पृष्टास्सुवर्णवपुषस्स्थिरजङ्गमास्स्युः॥ १२ ॥

हे लक्ष्मी! आपकी कला-कल्पवृक्ष, चिन्तामणि कामधेनु एवं रसायन-कारी पारस सहित मुझमें निवास करे, जिससे कि समस्त चराचर जगत मेरी दृष्टि, शिर, हाथ, पैर के स्पर्श मात्र से स्वर्ण रूप हो जाये (अर्थात् मैं जहाँ जाऊँ, जिसको देखूँ , जिसका स्पर्श करूँ वह मेरे लिये द्रव्यरूप ही हो जावे) ॥ १२ ॥

आद्यादिविष्णोः स्थिरधर्मपत्नी
त्वमेव पत्या मयि संनिधेहि ।
आद्यादिलक्ष्मी त्वदनुग्रहेण
पदे पदे मे निधिदर्शनं स्यात् ॥ १३ ॥

हे लक्ष्मी! आप आदि कारण ब्रह्मस्वरूप विष्णु की सदा रहने वाली

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

धर्म-पत्नी हो । अतः अपने स्वामी सहित मुझमें वास करो। हे महालक्ष्मी! आपकी कृपा से पद-पद में मुझको निधि की प्राप्ति होवे ॥ १३ ॥

आद्यादिलक्ष्मीहृदयं पठेद्यः
स राज्यलक्ष्मीमचलां तनोति ।
महादरिद्रोऽपि भवेद्धनाढ्यः
तदन्वये श्रीः स्थिरतां प्रयाति ॥ १४ ॥

जो मनुष्य आदिशक्ति महालक्ष्मी के हृदयस्तोत्र का पाठ करता है वह अचल राजलक्ष्मी को प्राप्त करता है। महा दरिद्री भी धनवान् हो जाता है, उसके वंश में लक्ष्मी सदा स्थिर रहती है ॥ १४ ॥

यस्य स्मरणमात्रेण तुष्टा स्याद्विष्णुवल्लभा ।
तस्याभीष्टं ददत्याशु तं पालयति पुत्रवत् ॥ १५ ॥

इस लक्ष्मीहृदय के स्मरण मात्र से विष्णुप्रिया लक्ष्मी प्रसन्न होकर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इच्छित फल देती हुई पुत्रवत् पालन करती है ॥ ९५ ॥

इदं रहस्यं हृदयं सर्वकामफलप्रदम् ।
जपः पंचसहस्रं तु पुरश्चरणमुच्यते ॥ ९६ ॥

सम्पूर्ण इच्छित फल देने वाला यह गोपनीय हृदयस्तोत्र है, मूलमन्त्र का पाँच हजार जप करना ही इसका पुरश्चरण (अनुष्ठान) है ॥ ९६ ॥

त्रिकालमेककालं वा नरो भक्तिसमन्वितः।
यः पठेच्छृणुयाद्वापि स याति परमां श्रियम् ॥ ९७ ॥

जो मनुष्य त्रिकाल अथवा एक काल प्रतिदिन पाठ करता है अथवा श्रवण करता है, वह महाधनी होता है ॥ ९७ ॥

महालक्ष्मीं समुद्दिश्य निशि भार्गववासरे ।
इदं श्रीहृदयं जप्त्वा पञ्चवारं धनी भवेत् ॥ ९८ ॥

महालक्ष्मी के उद्देश्य से शुक्रवार की रात्रि को इस हृदय का पाँच

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बार पाठ करने से मनुष्य धनवान् होता है ॥ ९८ ॥

अनेन हृदयेनान्नं गर्भिण्या अभिमन्त्रितम् ।
ददाति तत्कुले पुत्रो जायते श्रीपतिः स्वयम् ॥ ९९ ॥

इस हृदय से अभिमन्त्रित हविष्यान्न गर्भिणी को खिलाने से उसके कुल में स्वयं लक्ष्मीपति नारायण पुत्र रूप में आते हैं ॥ ९९ ॥

नरेण वाथवा नार्या लक्ष्मीहृदयमन्त्रिते ।
जले पीते च तद्वंशे मन्दभाग्यो न जायते ॥ १०० ॥

इस लक्ष्मी हृदय से अभिमन्त्रित जल का पान करने वाले स्त्री अथवा पुरुष के कुल में मन्दभागी का जन्म नहीं होता है ॥ १०० ॥

य आश्विने मासि च शुक्लपक्षे
रमोत्सवे सन्निहितैक भक्त्या ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पठेत्तथैकोत्तरवारवृध्या
लभेत्स सौवर्णमयीं सुवृष्टिम् ॥ १०१ ॥

जो मनुष्य आश्विन शुक्ल पक्ष के दुर्गोत्सव में एक बार भोजन करके प्रतिदिन एकैक वृद्धि क्रम से इसका पाठ करता है, उसको सुवर्णरूप बहुत धन की प्राप्ति होती है ॥ १०१ ॥

य एकभक्तोऽन्वहमेकवर्षं
विशुद्धधीः सप्ततिवारजापी ।
स मन्दभाग्योऽपि रमाकटाक्षा-
द्भवेत्सहस्राक्षशताधिक श्रीः ॥ १०२ ॥

जो मनुष्य एक बार भोजन करता हुआ ब्रह्मचर्य से रहकर एक वर्ष पर्यन्त प्रतिदिन मूलमन्त्र का केवल ७० बार (नारायण मन्त्र सम्पुटित) जप करता है, वह मन्दभागी होने पर भी लक्ष्मी की कृपा से बहुत अधिक

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ऐश्वर्यवान होता है ॥ १०२ ॥

श्रीशांघ्रिभक्तिं हरिदासदास्यं
प्रपन्नमन्त्रार्थदृढैकनिष्ठाम् ।
गुरोः स्मृतिं निर्मलबोधबुद्धिं
प्रदेहि मातः परमं पदं श्रीः ॥ १०३ ॥

हे मातः! मुझको नारायण के चरणों में भक्ति, भगवान् के भक्तों की सेवा से प्राप्त मन्त्र तथा उसके अर्थ में मात्र दृढ निष्ठा गुरु का स्मरण, निर्मल बोध बुद्धि तथा परम पद (मोक्ष) प्रदान करो ॥ १०३ ॥

पृथ्वीपतित्वं पुरुषोत्तमत्वं
विभूतिवासं विविधार्थसिद्धिम् ।
सम्पूर्णकीर्तिं बहुवर्षभोगं
प्रदेहि मे देवि पुनः पुनस्त्वम् ॥ १०४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे श्री देवि! आप मुझे बारम्बार पृथ्वीपतित्व, पुरुषों में श्रेष्ठत्व, विभूति शालित्व के साथ मनोरथों की सिद्धि, शुभकीर्ति तथा बहुत काल पर्यन्त सुख भोग प्रदान करो ॥ १०४ ॥

वेदार्थसिद्धिं बहुलोकवश्यं
वयः स्थिरत्वं ललनासु भोगम् ।
पौत्रादिलब्धिं सकलार्थसिद्धिं
प्रदेहि मे भार्गवि जन्मजन्मनि ॥ १०५ ॥

हे भार्गवि! मुझको जन्म-जन्मान्तर में वेदार्थ की सिद्धि, लोकवश्यता, चिरायुष्य, भार्या का सुख पुत्र-पौत्रादि की प्राप्ति तथा सम्पूर्ण मनोरथ सिद्धि प्रदान करो ॥ १०५ ॥

सुवर्णवृद्धिं कुरु मे गृहे श्री-
र्विभूतिवृद्धिं कुरु मे गृहे श्रीः ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विज्ञानवृद्धिं कुरु मे गृहे श्रीः
सौभाग्यवृद्धिंकुरु मे गृहे श्रीः ॥ १०६ ॥

हे श्री लक्ष्मी ! मेरे घर में सुवर्ण विभूति, विज्ञान तथा सौभाग्य की वृद्धि करो ॥ १०६ ॥

अथ शिरोबीजम् ॥ ॐ यं हं कं लं पं श्रीं ॥

ध्यायेल्लक्ष्मीं प्रहसितमुखीं कोटिबालार्कभासां
विद्युद्वर्णाम्बरवरधरां भूषणाढ्यां सुशोभाम् ।
बीजापूरं सरसिजयुगं बिभ्रतीं स्वर्णपात्रं
भर्त्रा युक्तां मुहुरभयदां मह्यमप्यच्युतश्रीः ॥ १०७ ॥

उदीयमान कोटि सूर्यकान्ति के समान कान्तिवाली, बिजली की

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चमक के समान सुन्दर वस्त्र धारण करने वाली, आभूषणों से युक्त सुन्दर शोभावाली, बिजोरा नीबू, युग्म कमल तथा सुवर्ण कलश धारण करने वाली, अपने स्वामी विष्णु से संयुक्त, अभय देनेवाली, प्रसन्नमुख लक्ष्मी का ध्यान करें ॥ १०७ ॥

गुह्यातिगुह्य गोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादान्मयि स्थिता ॥ १०८ ॥

हे महादेवि लक्ष्मी! तुम गोपनीय वस्तु की रक्षा करने वाली हो । मेरे निवेदन किये हुए इस जप का ग्रहण करो । तुम्हारे अनुग्रह से मुझे स्थिर सिद्धि (लक्ष्मी) प्राप्त हो ॥ १०८ ॥

॥ श्री अथर्वणरहस्ये लक्ष्मीहृदयस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

अथ नारायणहृदयस्तोत्रम्

आचमन प्राणायाम आदि पूर्ववत् क्रिया सम्पन्न करके संकल्प करें ।

देशकालौ निर्दिश्य ममाभीष्टसिद्ध्यर्थं सङ्कलीकरणरीत्या सम्पुटीकरणरीत्या वा नारायणहृदयस्य सकृदावर्तनं करिष्ये ॥

विनियोगः अस्य श्रीनारायणहृदयस्तोत्रमन्त्रस्य भार्गवऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः श्रीलक्ष्मीनारायणो देवता । ॐ बीजम् । नमः शक्तिः । नारायणायेति कीलकम् । श्रीलक्ष्मीनारायणप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः ॥

करन्यासः ॐ नारायणः परं ज्योतिरित्यङ्गुष्ठाभ्यां नमः ॥ ॐ नारायणः परं ब्रह्मेति तर्जनीभ्यां नमः ॥ ॐ नारायणः परो देव

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इति मध्यमाभ्यां नमः ॥ ॐ नारायणः परो ध्यातेति अनामिकाभ्यां नमः ॥ ॐ नारायणः परं धामेति कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ ॐ नारायणः परो धर्म इति करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥ इस प्रकार हृदयादि न्यास कर दिग्बन्ध करें ।

ॐ ऐन्द्र्यादिदशदिशं ॐ नमः सुदर्शनाय सहस्राराय हुं फट् ॥ बध्नामि नमः चक्राय स्वाहा ॥ इससे प्रतिदिशा को जोड़ें ।

ध्यानम् उद्यदादित्यसङ्काशं पीतवाससमच्युतम् ॥
शंखचक्रगदापाणिं ध्यायेल्लक्ष्मीपतिं हरिम् ॥
"ॐ नमो नारायणाय" इस मन्त्र का जप करें ।

मूलाष्टकम्

ॐ नारायणः परं ज्योतिरात्मा नारायणः परः ।
नारायण परं ब्रह्म नारायण नमोऽस्तु ते ॥ १ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नारायण ही परम ज्योति है। नारायण ही परम आत्मा है, नारायण ही परम ब्रह्म है। अतः हे नारायण! आपको नमस्कार है ॥ १ ॥

नारायणः परो देवो दाता नारायणः परः ।
नारायणः परो ध्याता नारायण नमोऽस्तु ते ॥ २ ॥

नारायण ही परम देव है । नारायण ही परम दाता (दानी) है। नारायण ही सर्वोत्तम ध्याता है। अतः हे नारायण आपको नमस्कार है ॥ २ ॥

नारायणः परं धाम ध्यानं नारायणः पर ।
नारायणः परो धर्मो नारायण नमोऽस्तु ते ॥ ३ ॥

नारायण ही परं धाम है, नारायण ही ध्यानस्वरूप है। नारायण ही श्रेष्ठ धर्म है। (ऐसे) हे नारायण आपको नमस्कार है ॥ ३ ॥

नारायण परो वैद्यो विद्या नारायणः परः ।
विश्वं नारायणः साक्षान्नारायण नमोऽस्तु ते ॥ ४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नारायण ही श्रेष्ठ वैद्य है। नारायण ही परा विद्या (जिससे आत्मज्ञान प्राप्त हो) है। नारायण ही साक्षात् विश्व रूप है। (ऐसे) हे नारायण! आपको नमस्कार है ॥ ४ ॥

नारायणाद्विधिर्जातो जातो नारायाणाच्छिवः ।
जातो नारायणादिन्द्रो नारायण नमोऽस्तु ते ॥ ५ ॥

नारायण से ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई है। नारायण से ही शिव की उत्पत्ति हुई है। नारायण से ही इन्द्र की उत्पत्ति हुई है। (ऐसे) हे नारायण! आपको नमस्कार है ॥ ५ ॥

रर्विनारायणं तेजश्चान्द्रं नारायणं महः ।
वह्निर्नारायणः साक्षान्नारायणः नमोऽस्तु ते ॥ ६ ॥

नारायण का ही तेजःस्वरूप सूर्य है। नारायण का ही तेज चन्द्रमा है। नारायण का ही साक्षात् रूप अग्निदेव हैं। (ऐसे) हे नारायण! आपको

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्कार है ॥ ६ ॥

नारायण उपास्यः स्याद्गुरुर्नारायणः परः ।
नारायणःपरो बोधो नारायण नमोऽस्तु ते ॥ ७ ॥

नारायण ही उपासना करने योग्य हैं। नारायण ही श्रेष्ठ गुरु हैं। नारायण ही ज्ञान स्वरूप हैं। (ऐसे) हे नारायण! आपको नमस्कार है ॥७॥

नारायणः फलं मुख्यं सिद्धिर्नारायणस्सुखम् ।
सेव्यो नारायणः शुद्धो नारायण नमोस्तु ते ॥ ८ ॥

नारायण ही मुख्य फल (मुक्ति) हैं। नारायण ही अणिमा आदि सिद्धि हैं। अवच्छिन्न सुख भी नारायण ही हैं। गुणातीत नारायण ही परम सेव्य हैं। (ऐसे) हे नारायण! आपको नमस्कार है ॥ ८ ॥

॥ मूलाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रार्थनादशकम्

नारायणस्त्वमेवासि दहराख्ये हृदि स्थितः ।
प्रेरकः प्रेर्यमाणानां त्वया प्रेरितमानसः ॥ १ ॥

भक्तों के हृदय में स्थित होकर उनकी बुद्धि को धर्मादि शुभ कर्मों में लगाने वाले मुख्य प्रेरक आप ही हैं । आपकी प्रेरणा से ही ॥ १ ॥

त्वदाज्ञां शिरसा धृत्वा जपामि जनपावनम् ।
नानोपासनमार्गाणां भावहृद्भावबोधकः ॥ २ ॥

आपकी आज्ञा शिरोधार्य करके आपके पावन मन्त्र का जप करता हूँ । भवसागर से पार करने वाली अनेक प्रकार की उपासनाओं के गूढभावों को मनुष्यों के हृदय में लाने वाले आप ही हैं ॥ २ ॥

भावार्थकृद्भावभूतो भाव सौख्यप्रदो भव ।
त्वन्मायामोहितं विश्वं त्वयैव परिकल्पितम् ॥ ३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भक्तों के हृदय में तत्त्वज्ञान का प्रकाश करने वाले सत्स्वरूप आप ही सांसारिक सुख को देने वाले हो । और आपकी माया से मोहित यह संसार भी आपने ही उत्पन्न किया है ॥ ३ ॥

त्वदधिष्ठानमात्रेण सैव सर्वार्थकारिणी ।
त्वमेव तां पुरस्कृत्य मम कामान्समर्धय ॥ ४ ॥

